हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

10 गायत्री महायज्ञ में बच्चों, गर्भवती महिलाओं के कराए गए संस्कार



12 मोहरा में मड़ई का आयोजन, उमड़ी लोगों की भीड़



# प्रभु श्रीराम और सीता की चरण पादुकाओं की श्रद्धालुओं ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

श्रीलंका से अयोध्या ले जाईं जा रहीं भगवान श्रीराम और सीता की चरण पादुकाओं के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। विभिन्न जगहों पर पादुकाओं की पूजा-अर्चना की गई।

जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं, सनातनियों विभिन्न संगठनों के लोगों की अंचल में जगह-जगह भीड़ लगी रही। इस अवसर पर दुर्गा महेश्वर, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी, यशवर्धन वर्मा ,राजेश केशरवानी , नंद वर्मा,पवन वर्मा,हेमंत साहु, भुनेश्वरी तिलक वर्मा,खुशबु बंजारे,कौशिल्या वर्मा ,मोहन साहु राजेश बल्लु वर्मा,,पुनीत वर्मा, लोकेश्वर वर्मा,संतोष वर्मा,नरेन्द्र वर्मा,बिसौहा वर्मा, चरणदास तेहरवंश,नेमसिंह वर्मा,अनुप साहु, सुरजा चेलक, मिथलेश साहू,मुकेश साहू आशीष वर्मा,ताजेन्द्र कन्नौजे ,रवि धुव्र,मनोज वर्मा,नूतन वर्मा, संकेत वर्मा,भोला वर्मा,उमेश यदु,केशरी वर्मा, राजेन्द्र साहु,हिमांशु वर्मा, गौतम यादव, हेमंत साहु,चुड़ामणी साहू, राहुल चन्द्राकर,नीलकमल साहु,आसकुमार गिरी ,देवव्रत महेश्वर,योगी वर्मा,लक्की कन्नौजे, लोकेश यदु ,, मंजु यादव, ओमप्रकाश वर्मा ,ओम गुप्ता,विनय वर्मा,कमल रजक,हेमंत , ओमप्रकाश साहू, योगेश साहु सहित श्रद्धालुओं की भीड़ उपस्थित रहे।



## श्रीलंका से अयोध्या लायी जा रही पादुकाएं

### अयोध्या के राम मंदिर में रखीं जाएंगी

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या उत्तरप्रदेश में बन रहे ऐतिहासिक राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसके द्वारा जहां जहां भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान गुजरे थे, उसे रामवनगमन पथ कहा जाता है। श्रीलंका के अशोक वाटिका से लेकर अयोध्या तक यह चरण पादुका चलेगी। भगवान की यह चरण पादुका 22 जनवरी को अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में स थापित होगी ।

## खबर संक्षेप



### सुकली में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह आज से

**गिधौरी ।** समीपस्थ ग्राम पंचायत सुकली में तीन दिवसीय संत गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह 8 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें पंथी नृत्य प्रतियोगिता रखा गया है। प्रथम पुरुस्कार 15051 रुपए , द्वितीय पुरस्कार 10051 रुपए ,तृतीय पुरस्कार7051 रुपए ,चतुर्थ पुरस्कार 5051 रुपए , पंचम पुरस्कार 3051 रुपए , षष्ठम पुरस्कार 2151 रुपए ,सप्तम पुरस्कार 1151 रुपए , पुरस्कार 1051 रुपए ,नवम पुरस्कार 1001 रुपए रखा गया है। जयंती समारोह में संत समाज के बुध्दिजीवी ,संतमहंत ,प्रवक्ता , पंथी पार्टी एवं भारी संख्या में शामिल होने की अपील की गई।

### कृष्णानंद आज गौर खेड़ा आश्रम में देंगे आशीर्वचन

**खरोरा।** सदविप्र समाज सेवा के संस्थापक एवं दिव्य गुप्त विज्ञान के प्रणेता सद्गुरु स्वामी कृष्णानंद महाराज 8 जनवरी को सदगुरु धाम आश्रम गौर खेड़ा में आशीर्वचन व दीक्षा देंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आचार्य संतोष शर्मा ने बताया कि सदगुरु देवजी 9 जनवरी को ओडिसा के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां पांच दिवसीय स्वर साधना का ज्ञान सदगुरु देव भक्तजनों को प्रदान करेंगे। जनमानस से शामिल होने की अपील की है।



### दुकान से देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के मामले में एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मिथलेश धीवर पिता हेमुलाल (42 साल) निवासी वार्ड नं 5 तुमगांव के पास से दुकान में अवैध रूप से रखे 2160 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 960 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो युवकों से शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाते हुए पुलिस ने नंद कुमार विश्वकर्मा पिता बुधुराम (45 साल) निवासी वार्ड नं 6 बागबाहरा को लालपुर गांव से पकड़ा। वहीं पिथौरा चौक के पास से सरोज पांडे पिता धनराज पांडे (32 साल) निवासी वार्ड 09 कर्रा पारा से गिरफ्तार किया है।

## खेल : विधायक लहरे ने किया रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता शुभारंभ

# भटगांव ने मुड़गांव को हराकर मैच जीता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़पार सरसींवा

सरसींवा के मिनी स्टेडियम में मां महामाया क्रिकेट क्लब द्वारा रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार को शुभारंभ बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने किया। भटगांव ने मुड़पार को हराकर उद्घाटन मैच को जीता लिया है।

**हार से ले सबक, खेल भावना से खेले खिलाड़ी**

बिलाईगढ़ विधायक कविता लहरे द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। दोनों टीमों के बीच टास कराया। सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए आगे कहा कि चाहे कोई भी खेल हो उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए । खेल में हार एव जीत दोनों होगी । एक टीम हारेगी तो दूसरी जीतेगी । हार जीवन की एक सीख है जो कि हमें पुनः कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करता है । कोई भी टीम व खिलाड़ियों को हारने पर मायूस नहीं होना चाहिए । वहीं इस टूर्नामेंट का पहला मैच भटगांव वर्सेस मुड़पार के बीच हुआ। जिसमें भटगांव ने जीत हासिल की है। वही इस टूर्नामेंट में अध्यक्षता कर रहे नीतीश बंजारे ने कहा कि खेलकूद से हमारा शरीर स्वस्थ व निरोग रहता है। खेल को खेल भावना से ही खेला जाना चाहिए।

वहीं महामाया क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष आकाश पांडे ने सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि हमारे द्वारा यह छठवें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी के सहयोग से हर वर्ष टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजकुमार जांगड़े, श्रवण अग्रवाल, प्रदीप यादव , मनीष केडिया, लव साहू, रतन खत्री, आपू सारथी, अर्जुन यादव, खगेन साहू , छवि ,दुर्गेश साहू, संतराम साहू , योगेश साहू, गोलू ठाकुर , अजय राव, शंकर भारती, अरुण भास्कर, साहिल निराला , विनोद रतनाकर एवं समस्त महामाया क्रिकेट क्लब सदस्य एवं भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एक सटोरिया पकड़ा गया, नकद बरामद

**भाटापारा।** पुलिस ने एक सटोरिया को सट्टा- पट्टी के साथ तालाब पार पकड़ा है। सटोरिए के पास से नकद भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार शहर पुलिस टाउन भ्रमण पर 5 जनवरी को थी। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की मेहता नगर भाटापारा में चेतन जांगड़े अपने घर के सामने तालाब पार में कुछ लोग को बैठाकर कागज में अंकों से नंबर लिखकर पैसा का दांव लगाकर सट्टा खिला रहे है। सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने बताए स्थान पर एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। चेतन जांगडे पिता राजू जांगडे उम्र 34 साल साकिन पंडित ▸▸ शेष पेज 10 पर



## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**भटगांव।** कलेक्टर के एल चौहान ने धान खरीदी केन्द्र भटगांव का निरीक्षण किया। भंडारित धान को छूकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर मीडिया कर्मियों द्वारा किसानों को हो रही समस्या से अवगत कराया गया। कलेक्टर श्री चौहान ने स्थल पर ही निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी एसके साहू, उप प्रबंधक जेपी सिंह, डीपीएम मनोज यादव, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, तहसीलदार कमलेश सिदार उपस्थित थे।



## बिजली करंट की चपेट में आने से मौत

**महासमुंद।** बिजली करंट की चपेट में आने से एक की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि रामकानी कोल्हे पिता बबन कोल्हे (22) निवासी पिठूल रूतमई मंदिर पीर थाना पीपलगांव जिला गोगांव महाराष्ट्र के बिजली करंट की चपेट में आने पर उनके परिजनों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

## अक्षत कलश का किया स्वागत...



**हिरमी रावन।** ग्राम भालूकोना में अयोध्याधाम से आए पूजित अक्षत कलश के पहुंचने पर लोगों ने बाजे- गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली गई जो की चितावर मंदिर भालूकोना से प्रारंभ हुई। गांव की गलियों में भ्रमण कर रवाना किया गया । इस बीच व्यस्थापक दीनबंधु यादव प्रशांत यादव देवव्रत यादव मनोज वर्मा कृत राम कार्तिक सुखराम यादव जवाहर वर्मा सहित ग्रामीण शामिल हुए।

# कोचियों को घर तक सप्लाई, बच्चे भी आ रहे नशे की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हथबंद

क्षेत्र में खुलेआम शराब बिकने से माहौल बिगड़ रहा है। शराब माफिया कोचियों को घर तक सप्लाई दे रहे हैं। आसानी से शराब मिलने से बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से माफिया व कोचियों के हौंसले बुलंद हैं।

- **कार्रवाई नहीं होने से शराब माफिया के हौंसले बुलंद**

ग्राम हथबंद से ग्रामीणों का कहना कि क्षेत्र में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही। अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। परिक्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। चौक- चौराहों में डिस्पोजल गिलास, शराब की खाली बोतलें पड़ी मिल रहीं हैं। गली मुहल्ले में शराब बिकने से बच्चे व युवा भी बच्चे भी नशे के गिरफ्त में आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत पर कार्रवाई नहीं होती बल्कि बड़े ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खुलेआम गांव- गांव में बिक रही अवैध शराब से बिगड़ रहा माहौल

### युवा वर्ग नशे के गर्त में जा रहे

खिलोरा पर्व सरपंच ईश्वरी ने कहा अवैध शराब पर अंकुश नहीं लग पा रही है। युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। रिंगनी उप सरपंच भागवत ने बताया अवैध शराब की शिकायत पूर्व में भी की गई थी। अभी भी अवगत कराया गया है। ग्राम में अत्यधिक मात्रा में सभी प्रकार की शराब बेची जाती है। सीतापार सरपंच कालेंद्र साव ने कहा अवैध शराब की बिक्री से ग्रामीणजन परेशान है। स्कूल के आसपास शराब बेची जाती है।

### मिल रहा संरक्षण

जिला महामंत्री नरेद्र शुक्ला ने कहा जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हथबंध में थाने की स्थापना की गई थी, ठीक उसके विपरीत कार्य हो रहा है। अवैध शराब बेचने वालों को संरक्षण प्राप्त है।

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं

सरपंच कुकरा चंदा राजा ने कहा ग्राम में अधिक मात्र में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री होती है। शिकायत पर कार्रवाई नहीं होती है। जिला महासचिव युकां विनय शुक्ला ने कहा कि ग्राम हथबंध में गांजा, शराब, धड़ल्ले से बिकता है। शिकायत पर भी पुलिस एवं आबकारी विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता। बल्कि कुछ लोगों को संरक्षण प्राप्त है।



# खबर संक्षेप



## मंत्री बृजमोहन ने किया पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** मराठा समाज द्वारा 25 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर 25 फरवरी को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के साथ मराठा समाज के सदस्य शामिल होंगे। इस भव्य शोभायात्रा के लिए पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर मराठा समाज द्वारा मंत्री को छत्रपति शिवाजी महाराजजी की फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया। युवा अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि पोस्टर विमोचन के अवसर पर सुरेंद्र डुकरे, महेंद्र जाधव, गुणवंत घाटगे, लोकेश पवार, विनोद मांढरे, अतुल चव्हाण, दीपक इंग्ले, एवं अन्य मराठा सदस्य उपस्थित थे।

## लोकनाट्य दसमत का किया सफल मंचन



**रायपुर।** भारतीय जननाट्य संघ द्वारा रायगढ़ में राष्ट्रीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा रायगढ़ में संगीतबद्ध नाटक दसमत का सफल मंचन किया गया। यह नाटक वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी द्वारा लिखित निर्देशित में किया गया। इस नाटक में मीना विश्वकर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, सुदामा शर्मा, उत्तम ठाकुर, घनश्याम वर्मा, विशाल वर्मा, नरेंद्र यादव, हेमलाल पटेल, नीतीश यादव, सुमित तिवारी, अर्जुन दास मानिकपुरी ने अभिनय पक्ष में योगदान दिया। मंच के पीछे गायन-हारमोनियम राकेश तिवारी, ढोलक-मांदर मनीष लदेर, बैंजो-मोहन साहू आदि ने भूमिका निभाई।

## कलेक्टर जन चौपाल अब प्रत्येक सोमवार को

**महासमुंद।** आम जनता की समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के लिए जिला कार्यालय महासमुंद में कलेक्टर जनचौपाल का आयोजन अब प्रत्येक सोमवार को अपरान्ह 12 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। कलेक्टर जनचौपाल में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए टोकन का वितरण हमर गोहार कक्ष में अपरान्ह 12 बजे तक किया जाएगा।

## कोकड़ी में मड़ई 12 को

**सिर्री।** ग्राम कोकड़ी (नारी) में ग्रामीणों के सहयोग से 12 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छेरिया भरदा बालोद का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। यह जानकारी धनेश ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, देवलाल साहू, गिरवर साहू, एस कुमार साहू, कौशल साहू, रिखीराम साहू, मालचंद, विद्याचरण, नरेश साहू ने दी है।

## कोसमर्रा में रामायण सम्मेलन 3 फरवरी से

**भखारा।** ग्रामवासियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से ग्राम कोसमर्रा में 3 से 5 फरवरी तक रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। यह जानकारी मागेंद शर्मा ने दी है।

## राजपुर में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव, कन्हैया निषाद, विजय यदु, भगवंत सिन्हा, राजू निषाद, पूनमचंद सिन्हा, गुहलेद दीवान, पुरूषोत्तम सिन्हा, गिरवर यदु, दूजराम ध्रुव, फूलजी, रमेश्वर साहू, रेखराम ध्रुव, राधेश्याम यदु, केदार साहू, पवन निषाद जुटे हुए हैं।

# इंजीनियरिंग छात्र भूल रहे पासवर्ड और आईडी, हलाकान सीएसवीटीयू ने कहा- प्रिंसिपल से पूछें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि छात्रों के आईडी और पासवर्ड भूले जाने को लेकर हलाकान हो गया है। सीएसवीटीयू ने अंततः नोटिफिकेशन जारी कर कहा है कि वे इसे अपने प्राचार्य से प्राप्त कर सकते हैं। तकनीकी विवि के अध्ययनशाला में अध्ययनरत छात्रों के साथ संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भी आईडी-पासवर्ड अनिवार्य कर दी गई है। परीक्षा फॉर्म सहित किसी भी तरह के आवेदन के लिए यह जरूरी होता है। डिजिवर्सिटी पोर्टल में लॉग-इन करने के बाद ही छात्र आगे की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

■ अधिसूचना में कहा, प्रिंसिपल आईडी में उपलब्ध होती है जानकारी

छात्रों को एक बार ही अपना यूजर आईडी और पासवर्ड बनाने की आवश्यकता होती है। छात्रों द्वारा इसे भूले जाने की जानकारी सीएसवीटीयू को प्राप्त हो रही है। कई छात्र ऐसे हैं, जो सीधे ही विवि आकर अथवा फोन के जरिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड पूछ रहे हैं। इन छात्रों के लिए ही सीएसवीटीयू ने अधिसूचना जारी की है।

### सभी तरह के आवेदन और अन्य कार्यों के लिए जरूरी होता है पासवर्ड-आईडी

#### अकाउंट बनाने भेजा गया था रिमाइंडर

डिजिपोर्टल बनाने के लिए ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसके बार तकनीकी विवि ने भी संबंधित महाविद्यालयों को सभी छात्रों के डिजिपोर्टल में अकाउंट बनाने कहा था। लंबे वक्त तक कई महाविद्यालयों ने छात्रों के अकाउंट इसमें नहीं बनाए थे। इसके लिए भी सीएसवीटीयू को कई बार रिमाइंडर जारी करना पड़ा था। गौरतलब है कि परीक्षा फॉर्म भरे जाने के अलावा छात्रों के परीक्षा परिणाम भी इस पोर्टल के जरिए प्राप्त होते हैं। स्थानांतरण प्रमाण पत्र, डिग्री सहित अन्य सुविधा भी विद्यार्थियों को इस पोर्टल के जरिए दी जा रही है।



#### महाविद्यालयों को भी जानकारी नहीं

कई कॉलेज ऐसे भी हैं, जिन्हें यह जानकारी नहीं है कि प्राचार्य आईडी में ये उपलब्ध रहते हैं। ऐसे कॉलेज भी शिकायत लेकर पहुंच रहे छात्रों को सीधे विवि ही भेज रहे हैं। सीएसवीटीयू ने अपनी अधिसूचना में कहा है कि डिजिवर्सिटी पोर्टल के आईडी और पासवर्ड जो छात्र भूल गए हैं, वे इसे अपनी संस्था से प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य आईडी में यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध रहता है।

### धर्म-कर्म : धनसीर में 24 कुण्डीय यज्ञ का तीसरा दिन

# गायत्री महायज्ञ में बच्चों, गर्भवती महिलाओं के कराए गए संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव/बिलाईगढ़

ग्राम धनसीर में 6 एवं 7 जनवरी को देवपूजन के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का प्रारम्भ हुआ है। 24 दंपति के साथ सैकड़ों गायत्री परिजन एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होकर यज्ञ में आहूति डालकर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना कर रहे हैं।

गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को 16 संस्कारों में से विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए गए। बच्चों व गर्भवती महिलाओं को भी विभिन्न संस्कार कराए गए। लोगों ने पुंसवन संस्कार, नामकरण, जन्मदिवस, दीक्षा संस्कार, अन्न प्राशन संस्कार सहित विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए।

साथ ही 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 4 पालियों में सम्पन्न हुआ। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं गायत्री परिजनों ने विश्व शांति, शुद्ध वातारण एवं सबके उज्वल भविष्य की कामना की भावना रखते हुए गायत्री मंत्राहुति एवं महामृत्युंमजय मंत्र से सभी याजक यज्ञ देव भगवान को आहुति प्रदान की। धनसीर ग्राम सहित भटगांव, बिलाईगढ़ एवं सरसींवा परिक्षेत्र के गायत्री परिवार के सदस्य एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। तत्पश्चात सायंकालीन दीपमहायज्ञ का भव्य आयोजन भी किया गया। हजारों दीपक से पूरा पंडाल सजाया गया, पूरा धनसीर गांव दीपों से जगमगा उठा।

### आहूति डालने रोज पहुंच रहे सैकड़ों दंपति यज्ञस्थल




#### आज होगी पूर्णाहूति

कार्यक्रम का समापन एवं शांतिकुंज प्रतिनिधियों की टोली की विदाई 8 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ की जाएगी। 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बिलाईगढ़ क्षेत्र का पहला और ऐतिहासिक कार्यक्रम है। जहाँ लम्बे समय अंतराल बाद गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 6 माह पहले से तैयारी की गई थी। बिलाईगढ़ विकासखंड के तीनो परिक्षेत्र भटगांव, सरसींवा व बिलाईगढ़ तथा पवनी, छिर्रा, धनसीर एवं भटगांव गायत्री प्रज्ञा पीठ के गायत्री परिवार द्वारा प्रचार प्रसार किया गया। भोजनालय एवं यज्ञशाला व विभिन्न पंजीयन काउंटर व साहित्य विस्तार पटल में धनसीर के गायत्री परिवार, ग्रामवासियों व स्कूल के बच्चों, स्काउट गाइड के सदस्यों एवं आसपास के गायत्री परिजनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

बिलाईगढ़ विकासखंड के श्रद्धालुगण सहित बलौदाबाजार, कसडोल, सारंगढ़, बरमकेला एवं सरिया के गायत्री परिजन यज्ञ में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के दौरान बिलाईगढ़ के राजा ओंकारेश्वर शरण सिंह भी पहुंचे। माँ गायत्री व गुरुदेव की पूजा अर्चना करके बिलाईगढ़ क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं विकास की कामना की। 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों द्वारा संगीतमय ढंग से किया जा रहा है। प्रज्ञा पुराण कथा सहित विभिन्न विषयों को सविस्तार से समझाया जा रहा है। मंच एवं कार्यक्रम के माध्यम से अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। ताकि हमारा समाज एवं गांव प्रत्येक क्षेत्र मे विकास कर सके। गायत्री परिवार के सप्त क्रांति एवं विचारों को को 2026 तक माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष तक छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत के प्रत्येक गांव व शहर तक पहुंचा सकें।

# आज से महाअभियान प्रत्येक व्यक्ति का बने आयुष्मान कार्डः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां



कलेक्टर केएल चौहान ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों की बैठक आयोजित कर शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड का लाभ प्रत्येक व्यक्तियों को दिलाने के लिए छूटे हुए सभी व्यक्तियों का कार्ड बनाने के लिए जिले में महाभियान चलाये जाने के निर्देश दियए। जिस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने बताया कि जिले के लगभग सात लाख जनसंख्या में से सवा पांच लाख लोगों का ही कार्ड बना है, जिसे पूरा करने के लिए 8,9,10 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु जिले में महाभियान चलाया जाएगा। ताकि सभी लोगों को राज्य एवं देश के सूचीबद्ध अस्पतालों में पांच लाख तक का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत मैदानी अमले के कर्मचारी पर्यवेक्षक, आरएचओ तथा सीएचओ को पूरे अभियान तक सत्र स्थल पर रहकर निगरानी करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। सभी बीए, बीई लोगों को समय पर शिविर प्रारम्भ कर छूटे हुए सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।। शासन के जन कल्याणकारी कार्योंर् में किसी भी स्तर पर लापरवाही एककरने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले वासियों को 8,9,10 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाली शिविर में अपना–अपना आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की।

#### सौंपी गई जिम्मेदारी

महाभियान के दौरान विकासखंड बरमकेला के 55, विकासखण्ड बिलाईगढ़ के 109 तथा विकासखंड सारंगढ़ के 96 ग्रामों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिले के सभी ग्रामों में पंचायत सचिवों के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों के पास शिविर से पूर्व ही छूटे हुए व्यक्तियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। कलेक्टर ने सभी ग्राम कोटवारों के माध्यम से एक दिन पूर्व तथा शिविर के दौरान प्रतिदिन मुनादी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। सभी पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सभी छूटे हुए लोगों का मोबिलाइजेशन कर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

# जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब- तब भगवान होते हैं अवतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर के गौरवपथ आरटीओ ऑफिस के पीछे चल रहे नौ दिवसीय भागवत महापुराण कथा का रविवार को पांचवा दिन था। जिसमें पारायणकर्ता पं. चतुर्भुज दुबे है। कथा वाचक पंडित पुनेश्वर तिवारी ने आज वामन अवतार, राजा हरिश्चंद्र व कृष्ण जन्म की कथा बताई।

■ कथावाचक पं. पुनेश्वर ने वामन अवतार, राजा हरिश्चंद्र व कृष्ण जन्म की कथा बताई

संगीतमय नौ दिवसीय 3 से 11 जनवरी तक चलने वाले श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में पंचम दिन वामन अवतार, राजा हरिश्चंद्र व कृष्ण जन्म की कथा का वृतांत वर्णन करते हुए बताया की जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। जिस कोठरी में देवकी–वसुदेव कैद थे, उसमें अचानक प्रकाश हुआ। उनके सामने शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए चतुर्भुज भगवान प्रकट हुए। दोनों भगवान के चरणों में गिर पड़े। तब भगवान ने उनसे कहा कि अब मैं पुनः नवजात शिशु का रूप धारण कर लेता हूं, तुम मुझे इसी समय अपने मित्र नंदजी के घर वृंदावन में छोड़ आओ। उनके यहां जो कन्या जन्मी है, उसे लाकर कंस के हवाले कर दो। इस समय वातावरण अनुकूल नहीं है। फिर भी तुम चिंता न करो। जागते हुए पहरेदार सो जाएंगे, कारागृह के फाटक अपने आप खुल जाएंगे और उफनती अथाह यमुना तुमको पार जाने का मार्ग दे देगी। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। जब–जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब–तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा कथा स्थल जयकारों से गूंजने लगा। कृष्ण जन्म के बाद कथा स्थल पर आए लोगों ने भगवान के जन्मोत्सव मनाया। व्यास मंच से सोहर गीत गाया गया। कृष्ण वासुदेव के मनमोहक झांकी की प्रस्तुति भी गई थी। आज बाल चरित्र व रूखमणी विवाह की कथा बताई जाएगी।

# गुरु घासीदास ने मनखे- मनखे एकसमान का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अड़बंधा में गुरु घासीदास की जयंती पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ सतीश अग्रवाल ने शामिल होकर पूजा अर्चना की।

■ अड़बंधा में गुरु घासीदास की मनी जयंती

कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने उद्बोधन में बताया की गुरु घासीदास ऐसे संत रहे जिन्होंने सामाजिक आर्थिक, शोषण तथा जातिवाद, सामंतवादी विचारधारा के शोषण जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद कर मनखे- मनखे एकसमान का संदेश दिया। बाबा के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएं। साथ ही कहा बाबा की कृपा आशीर्वाद सब पर बनी रहे। इस अवसर पर मोहन गायकवाड़, बसंत टण्डन, पूनम साय, शंकर गायकवाड़, सोहन गायकवाड़, कैलाश गायकवाड़, संतकुमार टंडन, सोनाचंद बघेल, हिरालाल बघेल, मूलचंद, केदार मिश्रा, एवंबड़ी संख्या में ग्रामीणजन व अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### कोचियों को घर...

शराब माफियाओं को सरक्षण दिया जा रहा है। छोटे मोटे पीने वालों को पकड़कर खानापूर्ति की जाती है। हथबंध सहित रिंगनी, केसदा, झिरिया, सीतापार, मोहभट्ठ लावर, कुकरा चुंदा,धोधा,डोंगरियाँ, बिलई डबरी में शराब माफिया कोचियों को घर तक पहुंचाकर अवैध शराब दे रहे हैं। हथबंध में बिना रोकटोक के चौराहों में परोसी जा रही है। अवैध शराब तिग्गड़ा में कुछ लोग नाममात्र की दुकान खोलकर ठेलों से शराब बेच रहे हैं। तिग्गड़ा चौक में जमवाड़ा रहता है। लड़ाई झगड़े का माहौल बना रहता है। तिग्गड़ा चौक से स्कूली बच्चे,महिलाओं का आम रास्ता है। पास में स्वास्थ्य केंद्र और शासकीय औषधालय भी है।

### एक सटोरिया पकड़ा ...

दीनदयाल उपाध्याय मेहता नगर भाटापारा थाना ने सट्टा पट्टी कागज में नंबरों का अंक लिखकर जुआ खिलाना बताया। उसके पास एक सफेद कोरे कागज में अंकों अंकित सट्टा पट्टी, एक डाट पेन एवं नकद 1200 रुपए बरामद किया है। आरोपी चेतन को धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## संध्याफेरी में सभी ले रहे भाग...




**सुहेला।** अयोध्या उत्तरप्रदेश में मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। उसी परिपेक्ष्य में ग्राम में नियमित संध्याफेरी निकाली जा रही है। संध्याफेरी में युवा, बच्चे, बुजुर्ग सभी भाग ले रहे हैं। संध्याफेरी को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है।

# शार्ट अटेंडेंस बताकर पहले अयोग्य, फिर किस्तों में दे दी परीक्षा में बैठने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कालेज में कम उपस्थित बताकर जिन छात्रों को परीक्षा में बैठने से अयोग्य करार दिया गया था, बाद में उनमें से कुछ छात्रों को योग्य मान लिया गया। पुरानी सूची में शामिल छात्रों के पालकों ने किस्तों में एलीजिबेल छात्रों की सूची जारी करने के लिए कालेज प्रबंधन पर लेनदेन करने का आरोप लगाया है। पालकों का तर्क है कि इस मामले की शिकायत उच्च स्तर पर की गई है, मगर अब तक किसी तरह का एक्शन नहीं हुआ है। किस्तों में परीक्षा के लिए योग्य माने गए छात्रों की सूची से अलग स्टूडेंट के पालकों ने इसके लिए कालेज प्रबंधन पर लेनदेन करने का आरोप लगाया है। निजी मेडिकल कालेज रिम्स के प्रबंधन पर आरोप है कि उसके द्वारा चिकित्सा छात्रों को परीक्षा की योग्यता के लिए जो मापदंड तय किए गए हैं, उसे सभी छात्रों ने पूरा किया था, मगर कालेज प्रबंधन ने इसे नजरअंदाज कर दिया। एमबीबीएस के फाइनल ईयर का एग्जाम से रिम्स ने अपने ही करीब बीस छात्रों को अयोग्य करार दिया था। इसके लिए उन छात्रों पर कालेज प्रबंधन ने कम उपस्थिति सहित एनएमसी द्वारा तय किए गए मापदंडों को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया था।

## खबर संक्षेप

### प्री मैट्रिक अजा व अजजा बालक छात्रावास के छात्रों को ट्रैक सूट का वितरण

**महासमुंद।** जिले में आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावास और आश्रम नवाचारों के लिए अपनी अलग पहचान बना रहे है, जहां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नित नई गतिविधियों का आयोजन भी हो रहा है। साथ ही छात्रावास में रहने और पढ़ाई में लगन को प्रोत्साहित करने के लिए बचत राशियों से जरूरत की सामग्री भी छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास और प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में अधीक्षक छन्नू साहू एवं मदन चौधरी द्वारा बच्चों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया है। जिले में संचालित छात्रावास आश्रम में सामग्री वितरण के लिए सहायक आयुक्त शिल्पा साय द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया गया है।

### पांचवा टेस्ट में 109 परीक्षार्थी शामिल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा प्रभात मलिक कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट का आयोजन किया गया। नवकिरण अकादमी के जिला समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने बताया कि निःशुल्क 10 टेस्ट सीरीज के क्रम में पांचवा टेस्ट पेपर अर्थशास्त्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण का हुआ। पांचवा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 87 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 22 परीक्षार्थियों कुल 109 परीक्षार्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 10 टेस्ट के क्रम में छठवां टेस्ट का आयोजन 14 जनवरी 2024 को सामान्य अध्ययन -1 का टेस्ट आयोजित होगा।

**आयोजन:** शिविर में पहुंचे मंत्री टंकराम का ग्रामीणों ने किया स्वागत

# केंद्र की योजनाओं का लाभ घर-घर, जन- जन तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प यात्रा, बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंकराम पहुंचे। मंत्री का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मंच पर पहुंचने से पहले मंत्री ने आम व्यक्तियों बच्चों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गो से मिले।

**भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जलाएं घरों में दीप**

कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता के तैलिय चित्र की पूजा करके की गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी ग्राम पहुंची थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री से बच्चो का अन्नप्राशन संस्कार भी कराए गए। गर्भवती माताओं को उपहार भी दिए गए । मंत्री श्री वर्मा ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं पूरे देश में चलाई जा रही हैं। योजनाओं का लाभ घर- घर पहुंचे, जन- जन पहुंचे इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चल रही है। वहां पर सभी कार्यकर्ता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। छोटी मोटी समस्याएं आधार कार्ड बनाना, स्मार्ट कार्ड बनाना आदि कार्य किए जा रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या के मंदिर में भगवान श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा होने जा रही है ये इतिहास दिन लिखा जाएगा। भगवान श्री राम अयोध्या में विराजेंगे। घर घर को सजाएं, दीप प्रज्ज्वलित करें ऐतिहासिक दिन है। शिविर में भारी संख्या में ग्रामीण उमड़ पड़े। कार्यक्रम में लगे शिविर का सभी ने लाभ उठाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सुहेला सरपंच सविता संतोष वर्मा, भाजपा मंडल प्रभारी शिव कटारिया भाजपा मंडल महामंत्री हेमंत बघमार, भाजयुमो अध्यक्ष करण वर्मा, धनीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, पूर्व सरपंच निरंजन वर्मा , सुरेंद्र ठाकुर भाजपा के युगल किशोर वर्मा, घनश्याम , दीपक आदि कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।



## गरीबों को आवास मिलेगा, हर घर में पानी पहुंचेगा



**पलारी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनहितकारी योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव- गांव दस्तक दे रहे हैं। पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने संडी मंडल के ग्राम जारा, ससहा, कोदवा, मुड़पार, भवानीपुर, साहड़ा, साराडीह, फुंडरडीह, रेंगाडीह में शामिल होकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के माध्यम से हर गरीब को आवास मिलेगा। हर घर में नल से पानी पहुंचेगा । गरीबों का अस्पताल में मुफ्त इलाज के साथ माताओं को गैस सिलेंडर प्रदान किया जा रहा है । भाजपा जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा ने कहा कि आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा । इस अवसर पर आप सभी अपने अपने गांव को ही अयोध्या मानकर मंदिर में पूजा अर्चना कर घर मे दीपक जलाकर दीवाली मनाना है। अतिथियों ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान भी किए। इस अवसर पर अजा मोर्चा प्रदेश सदस्य शम्भूसिंह डहरिया, भीष्मदेव सोनवानी, ओंकेश्वर वर्मा, डगेश्वर वर्मा, पप्पू वर्मा, विजय कोसले, राजू बंजारे, कृतराम वर्मा, उमेश यदु, श्यामू साहू, दौलत यादव, खिलेश्वर धृतलहरे, निर्मला रजक, परमेश्वरी वर्मा, मिथलेश साहू, नुलेश्वरी बंजारे, लक्ष्मी बंजारे, मधु वर्मा, नंदनी साहू, दुर्गा वर्मा, कौशिल्या साहू, हुलाश वर्मा, रामेश्वर धीवर, सुधेराम वर्मा, तारेश परगनिहा, मुकेश साहू, सालिक धुरंधर, राजेश वर्मा, नंद जायसवाल, घनश्याम वर्मा, गोपाला वर्मा, नाथूराम वर्मा, देवव्रत वर्मा, हिमांशु वर्मा, खिलेन्द्र साहू, परस राम साहू, देवप्रकाश चंद्रवंशी, संतोष वर्मा, जयभारत कन्नौजे, राजू साहू, कामेश्वर साहू, सुरेन्द्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## समय पर लाभ दिलाना मेरा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः कलेक्टर





**भटगांव।** कलेक्टर केएल चौहान बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम सुतीउरकुली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री चौहान ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समय पर लाभ दिलाना मेरा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में, सरकार के योजनाओं में और राजस्व आपदा के तहत मेरे जिले में कार्यरत सभी अधिकारी और कर्मचारी के साथ मिलकर जनता भी काम करें। विश्वास दिलाता हूं कि 24 घंटे में आरबीसी अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से आकस्मिक मृत्यु जैसे प्रकरण में 4 लाख का सहयोग राशि दिलाऊंगा। इस अवसर पर अतिथि सुभाष जालान ने कहा कि इस यात्रा में शिविर में सरकार की योजनाओं का गांव गांव में लाभ दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री चौहान ने सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री चौहान ने खेत में कृषि विभाग द्वारा ड्रोन प्रदर्शन का अवलोकन किया। महिलाओं और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, सीईओ योगेश्वरी बर्मन, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील जोलहे, वन अधिकारी आसिफ खान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ड्रोन से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी छिड़काव का प्रदर्शन करके लोगों को लाभ के बारे में बताया



**गिरसानाला।** जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम सुतुउकुली में आयोजित की गई। जन–जन के विकास के लिए चल रहे चल रही विकसित भारत संकल्प यात्र में सामान्य नागरिक व किसान उपस्थित रहे।

कलेक्टर केएल चौहान के निर्देश और नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ के कार्यक्रम स्थल में पहुंचने पर महिलाओं द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर फूल माला से स्वागत किया गया । रथ के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसी प्रकार कृषि विभाग जिला प्रमुख उपसंचालक कृषि सारंगढ़ बिलाईगढ़ आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ड्रोन से नैनो यूरिया, नैनो डीएपी छिड़काव के बारे में प्रदर्शन कर लाभ के बारे में बताया गया। आगामी वर्ष में किसानों को नैनो यूरिया व नैनो डीएपी का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही प्रक्षेत्र में ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। कलेक्टर को ड्रोन के बारे मे बताया गया। वरिष्ठ किसी विकास अधिकारी डीआर केशरवानी द्वारा प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी गई। शिविर में कृषि विभाग द्वारा तीन कृषकों को नैनो यूरिया वितरण किया गया। शिविर में लाभांवित कृषक मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत योजनाओं के लाभ का अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राम गुलाब साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी में योजनाओं के लाभ के संबंध में बताया



**भटगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत संकल्प यात्रा आज ग्राम पंचायत बेलटिकरी पहुंची। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता दिनेश लाल जांगड़े के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी साहू व पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष पुष्पा साहू, भाजपा कार्यकर्ता लक्ष्मण जायसवाल, कमलेश कुर्रे रहे। शिविर में पहुंचकर उद्देश्यों के संदर्भ मे जानकारी दी। भाजपा नेता दिनेश लाल जांगड़े ने शिविर मे लगे विभागीय स्टाल का अवलोकन किया। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर मे विभिन्न हितग्राही मूलक योजना जैसे कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, आधार कार्ड योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के विभिन्न हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। स्कूली छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से शासन से प्राप्त योजनाओं के लाभ के संबंध मे बताया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा की गाड़ी को भाजपा नेता व छाया विधायक दिनेश लाल जांगड़े ने पूजा अर्चना कर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के संबंध मे विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर सरपंच हरिशंकर जायसवाल जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



**खबर संक्षेप**

## दो महिलाओं से 7 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ी गईं दो महिलाओं पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्नेहलता पति धरमु (55 साल) ग्राम गिधली के घर की बाड़ी से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए और खिरबाई राणा पति नित्यानंद राणा (42 साल) ग्राम खेमड़ा के घर की बाड़ी से 4 लीटर महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त किया गया है। दोनों महिला आरोपी के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

## बैंक में मनाया गया स्थापना दिवस



**महासमुंद।** 6 जनवरी को यूको बैंक महासमुंद ब्रांच ने बैंक का 82वां स्थापना दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बैंक में ग्राहकों का आना जाना लगा रहा। सभी को मिठाई खिलाई गई।

## पेंशनरों ने किया विधायक का सम्मान



**महासमुंद।** पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद जिलाध्यक्ष आरडी साहू के नेतृत्व में पेंशनर सम्मेलन कार्यक्रम बेमचा गायत्री मंदिर परिसर में हुआ। समेलन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का पेंशनरों द्वारा स्वागत किया गया। बाद महिला/पुरुष पेंशनरों का श्रीफल, साल व पुष्प हार से स्वागत किया गया। इस मौके पर पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। आगंतुक अतिथियों का स्मृति चिन्ह व श्रीफल से स्वागत किया गया।

## संकल्प यात्रा में लोगों को आज संबोधित करेंगे पीएम

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक डा विमल चोपड़ा ने बताया कि 8 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह साढ़े 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव संबोधित करेंगे। मोदी देश के समस्त नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों के जीवन में आए बदलाव व उनसे जुड़े अन्य अनुभव साझा करेंगे। जिला संयोजक डा चोपड़ा ने उक्त कार्यक्रम से संबंधित समस्त तैयारी के लिए मंडल संयोजकों को जुटने आग्रह किया हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री के संबोधन को एलईडी के माध्यम से समस्त ग्रामों में संकल्प यात्रा के दौरान निर्बाध रूप से प्रदर्शित करने पूरी तैयारी कर लें। गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचकर संकल्प यात्रा में शामिल होने आग्रह करें। साथ ही अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की हो इसकी तैयारी मंडल प्रभारियों को करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।

### अभियान : राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में तिल्दा के बच्चों हुए शामिल

# खेती की परंपरागत व आधुनिक विधियों से अवगत हुए छात्र- छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा के विभिन्न हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों से कुल 80 बच्चों को रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ,म्यूजियम, ऊर्जा पार्क जैसे शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण 5 जनवरी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी व बीआरसीसी तिल्दा ने करवाया।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार जिला प्रभारी इंदिरा गांधी व निशा शर्मा के संयोजन में बच्चों को नए नए शिक्षाप्रद स्थलों में ले जाकर उन्हें जानकारियां दी जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी तारतम्य में शासकीय हाईस्कूल तुलसी, बीएनबी नेवरा, निनवा,भूमिया, सासाहोली, तुलसी नेवरा, बांगोली, देवरी, खरोरा,टोहड़ा,व कनकी के 80 बच्चे सम्मिलित हुए। कृषि विश्वविद्यालय में खेती के परंपरागत व आधुनिक विधियों से अवगत हुए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एल के जाहिरे, सहायक विखं शिक्षा अधिकारी डॉ. व्यासनारायण आर्य, बीआरसीसी संतोष शर्मा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान की। तिल्दा से बस को प्राचार्य राजेश चांदनी की द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। बच्चों के साथ नरोत्तम ध्रुव भ्रमण प्रभारी, गिरबर सोनी सह प्रभारी व शिक्षक शिक्षिकाएं भी गई थीं।

**रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय सहित अन्य जगहों पर ले जाया गया**



### ऊर्जा स्रोत के बारे में भी बताया

इसके अलावा प्राचीन विभिन्न कृषि उपकरणों,भंडारण पात्र, ढेंकी केसाथ ही आधुनिक कृषि से भी रूबरू हुए। विभिन्न प्रकार के अन्न,अनाज,दलहन,तिलहन ,कृषि उपकरण ,ग्रीनहाउस प्रभाव,आदि के बारे में जानकारी बच्चों को दी गई। इसी क्रम में ऊर्जा पार्क में ऊर्जा के परंपरागत व गैर परंपरा गत साधनों की जानकारी,सोलर प्लांट,सोलर ऊर्जा, पवन ऊर्जा ,जैव ऊर्जा आदि की जानकारी बच्चों को मिली।

# चुनाव सर्वे कार्य का भुगतान 49 युवकों को नहीं मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

विधानसभा चुनाव के दौरान एक सर्वे कंपनी ने 49 युवकों से काम कराकर भुगतान नहीं किया है। युवकों ने भुगतान नहीं मिलने और ठगी का का शिकार होने की शिकायत थाने में की है।

युवकों के अनुसार दिल्ली की एक कम्पनी ने विधानसभा चुनाव के दौरान चुनावी सर्वे और प्रचार प्रसार का कार्य कर रही थी। जिसके सीईओ व छत्तीसगढ़ का का देखने वालों ने चुनाव अभ्यर्थियों से उनके क्षेत्र में चुनावी सर्वे एवं प्रचार प्रसार का काम लेकर स्थानीय युवाओं को कार्य के लिए दैनिक मजदूरी तथा इनके रहने के लिए मकान किराया एवं आवागमन के लिए उनके माध्यम से स्थानीय चारपहिया वाहन किराया पर लिया था। प्रारंभिक कुछ माह अच्छे से भुगतान कर विश्वास जीतकर काम के अंतिम डेढ़ से दो माह के कार्य के भुगतान चुनाव के बाद 18 नवंबर का आश्वासन दिया। परंतु 18 नवंबर से सभी का नंबर ब्लॉक कर राज्य से गायब हो गए हैं।

- थाने पहुंचकर की शिकायत
- चुनावी सर्वे का किया था कार्य

### शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

उक्त घटना के संबंध में युवाओं द्वारा राज्यपाल, पुलिस अधीक्षक रायपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, कलेक्टर बलौदाबाजार, थाना बिलाईगढ़ में लिखित शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे सभी 49 युवा डेढ़ माह से मानसिक, शारिरिक एवं आर्थिक रुप से परेशानियों से जूझ रहे हैं। इसके अलावा इनके माध्यम से लिए मकान किराया, वाहन का किराया बिना भुगतान किए ही फरार हो गए। लोग इनके पास तकादे के लिए पहुंच रहे हैं।

# अपने कुछ समय साथ देंगे, भगवान पर भरोसा रखें, जिंदगीभर मदद करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम कोनारी में भागवत कथा के चौथे दिन भागवताचार्य उपेंद्र कुमार शर्मा खुड़मुड़ी वाले ने गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, वामन अवतार और हरिश्चंद्र राजा कि कथा सुनाई।

भगवताचार्य पं. शर्मा ने गजेंद्र मोक्ष कथा सुनाते हुए कहा कि एक हाथी याने गजेंद्र बड़े संकट में पड़ गया। हाथी को एक मगर ने पकड़ लिया और वह स्वयं को छुड़ा नहीं पाया तो उसने अपने परिवार को पुकारा। तब उनके परिवार के सदस्यों ने कुछ देर तक ही मदद की। लेकिन उस मगर से छुड़ा न पाया और हाथी को उसी हालत में छोड़ दिया। हाथी संकट में अकेले फंसा रहा, लेकिन उसके परिवार ने दोबारा प्रयास ही नहीं किया। कथा में पंडित उपेंद्र ने कहा कि इसी तरह मनुष्य के भी जीवन में होता है।

वह स्वयं जिन्हें अपना समझ कर जीता है, वही उसके संकट में काम नहीं आते। फिर वह कैसे अपने हुए। जब हाथी ने भगवान को पुकारा तो उन्होंने उसे बचा लिया। सब भगवान पर ही पूरा भरोसा रख उनके नाम का स्मरण कर जीवन जीते रहे। अपने कुछ समय साथ देंगे, भगवान पर भरोसा रखेंगे जो जिंदगीभर मदद मिलेगी। भगवान का ही नाम लेकर जीवन जीते रहे।

- ग्राम कोनारी में भागवत कथा का चौथा दिन
- गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, वामन अवतार, हरिश्चंद्र की कथा सुनाई



### सत्य ही भगवान का रुप

हरिश्चन्द्र कथा में पंडित जी ने कहा कि सत्य को स्वीकार कर जीना सीख लें। सत्य ही भगवान का रुप हैं। वामन अवतार में उन्होंने कहा कि भगवान को तन मन धन सब अर्पण करें। सागर मंथन ये जीवन का ही तो मंथन है। परिश्रम से ही सब कुछ मिलता है। लेकिन भगवान कि कृपा भी प्राप्त हो तो ज्यादा अच्छा है।

# मोहरा में मड़ई का आयोजन, उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम मोहरा में मड़ई का आयोजन किया गया है। जिसमें आसपास के गांवों से यादवों की टोलियां अपनी पारंपरिक वेशभूषा में बाजे–गाजे के साथ नाचते गाते, लाठी चालन कर अपना शौर्य प्रदर्शन करते हुए, मंदिरों की परिक्रमा कर, पूजा स्थल पहुंचकर अपने देवी–देवताओं का विधि विधान से पूजन किया। आसपास के गांवों से आने वाली अन्य यादवों की टोलियां भी सम्मिलित होते गई, जहां घंटों नृत्य का कार्यक्रम चलता रहा है, जिसे देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

- यादवों की टोली शौर्य प्रदर्शन करते हुए पहुंची



**परिवार के साथ लिया मेले का आनंद** मेले में लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ रही। स्थानीय नागरिकों द्वारा अपने परिजनों के साथ जमकर झूले, गुपचुप चाट, मिठाईयां खरीदारी कर मेले का आनंद लिया। मिठाइयों, फलों मनिहारी की दुकानों में जमकर खरीदारी की गई है।

### खरोरा में निकाली जा रही प्रभातफेरी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भक्तिमय वातावरण तैयार करने प्रभातफेरी निकाली जा रही है।



रामभक्त संवेदना समूह द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासियों द्वारा रामटोली के माध्यम से सुनिता देवदत्त चंद्राकर, उमेश गोस्वामी, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, ओम प्रकाश चंद्राकर, अदिति चंद्राकर, मोना चंद्राकर, डोमार साहू, देवदत्त चंद्राकर, मुकेश चंद्राकर, गीता, किसन चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर समेत डाइट के छात्राध्यापकों, गांव के छात्रों द्वारा भक्तिमय वातावरण बनाया जा रहा है।

# प्रेम भुवनप्रताप सिंह विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें खो खो, कबड्डी ,क्रिकेट, फुटबाल, भौंरा, बोरा दौड़, लेमन दौड़, जलेबी दौड़, बैडमिंटन, म्यूजिकल रेस, स्लो साइकिल हुआ। इसके अलावा एथलेटिक्स में 100,200,400,800 और 1500 मीटर रनिंग के साथ साथ भाला फेंक, गोला फेंक,तवा फेंक खेलों का आयोजन किया गया।

**इनका रहा विशेष सहयोग:** समापन दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू ,स्कूल के प्राचार्य प्रियतम भारद्वाज, आरके यादव, अजय नारंग, एल नामदेव, विजय खरे, पटनायक, तिग्गा, अवधेश सोनवानी, केपी साहू, श्रीमती चौहान, अंग्रेजी माध्यम में कुमारी चिन्मय, तृप्ति मिश्रा,अजय दिनकर, रेशमी ठेठवार,ओमप्रकाश करियरी, कुमारी रचना तंबोली,पृथु एवं समस्त स्टाफ की विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

- एथलेटिक्स सहित अन्य खेल प्रतियोगिता

# साहसिक कारनामे वाले खेल से शारीरिक और बौद्धिक क्षमता का होता है विकास


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

खमरिया स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 6 और 7 जनवरी को एडवेंचर्स कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 100 विद्यार्थी और अभिभावकों ने भाग लिया। साहसिक कारनामों वाले खेल के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक एवं साहसिक क्षमता को मज़बूत बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के आयोजन का होना बहुत ही अनिवार्य होता है। इससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि करने में समर्थ होते हैं। जीवन में आने वाली प्रत्येक चुनौतियों का सामना करने जैसी विद्या में पारंगत रहते हैं। एडवेंचर में जहाँ एक और डीडब्ल्यूपीएस के विद्यार्थी सहित जिले के अन्य कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं अभिभावक और शिक्षक भी पीछे नहीं रहे। 2 दिन और एक रात के इस एडवेंचरस कैंप में प्रतिभागी सभी विद्यार्थी रात में विद्यालय प्रांगण में ही रुके, कैंप फायर के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटी भी किया। प्रतिभागियों के खान-पान व ठहरने की उत्तम व्यवस्था भी की गई थी।

- दो दिवसीय लीडरशिप एडवेंचरस कैंप का आयोजन





### बाहर से आए प्रशिक्षक

स्कूल के एडवेंचरस कैंप में नैनीताल, देहरादून उत्तराखंड से आई प्रशिक्षित टीम ने कई प्रकार के साहसिक कारनामों वाले खेलों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही इसके माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक एवं साहसिक क्षमता को मज़बूत बनाना भी विद्यार्थियों को सिखाया गया।

### अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा में आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में शनिवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा मुढ़ीपार में दबिश दी गई। जहां पर सुखराम प्रजापति के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को अवैध रूप से बिक्री करने रखा गया था। जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

### झांकी में बच्चे राम, लक्ष्मण, हनुमान बनकर मोहा मन

# श्रद्धालुओं ने संडी में श्रीराम अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

पलारी विकासखंड के ग्राम संडी मुड़पार में धर्मप्रेमियों ने शनिवार को श्रीराम विशाल अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली। राम दरबार में राम–लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, मां जानकी सहित वीर हनुमान एवं वानरों की झांकी किशोर- बालकों द्वारा सुसज्जित ढंग से झांकी प्रस्तुत की। जगह–जगह लोगों ने श्रद्धा भाव से आरती पूजा कर आशीष प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में 22 जनवरी को विशाल नवनिर्मित मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। उसके उपलक्ष्य में धर्मप्रेमियों द्वारा अयोध्या से प्राप्त अक्षत एवं नियंत्रण पत्र को टोली बनाकर घर–घर बांटने का काम करेगा। जिसके लिए 30 ग्रामों के लोगों ने कलश प्राप्त कर अपने–अपने गांवों में ले गए। विशाल महोत्सव के रूप में सैकड़ों महिलाओं ने मुड़पार संडी के महामाया मंदिर से सिर में कलश लेकर निकलीं। साथ में भगवा ध्वज हाथ में लेकर हरिकीर्तन मंडली के साथ रायपुर, बलौदा बाजार मुख्य मार्ग खरतोरा नाका से श्रीराम मंदिर तथा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की समापन जय श्री राम की घोष करते हुए किया। हरि कीर्तन की धुन में उपस्थित जनसमूह नाच रहे थे। मुख्य रूप से संडी मुड़पार,खरतोरा, जर्वे,गैतरा, गाडाकुसमी, सुंद्रावन,मतवारी,सुंद्री (म), गबौद, कोदवा, ससहा, सुन्दरी (स), सकरी ,लुटुडीह,खैरा, जारा, छेरकाडीह, साराडीह, सेमराडीह, रेंगाडीह, परसवानी, पत्थरचुवा, भालूकोना,फुंडरडीह,बोईरडीह, गोंडा, मुसवाडीह,सकरी (स), खपरी आदि थे।

- झांकी व कलश की जगह– जगह की गई पूजा



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ओमप्रकाश वर्मा, ताराचंद साहू, राजेश बल्लू वर्मा, पुनीत वर्मा, संतोष वर्मा, तेजराम वर्मा, पप्पू वर्मा, कौशल साहू,राजू बंजारे, आशीष वर्मा, अनिल साहू,अश्वनी वैष्णव, मुकेश साहू, विक्की वर्मा, राजू साहू,नरेश साहू, रमाशंकर सोनी,आशा वर्मा, अनिल शर्मा,अंचल अग्रवाल,दिनेश चंद्राकर, तारेश परगनिहा, डा. बिसेसर वर्मा, टिकेन्द्र ,डोमन, तुलेश यादव, मदन साहू, कमलेश, मोनू साहू, दीपक वर्मा, संदीप, तोलाराम,हरि शंकर विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

